# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 186 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# कलेक्टर आशीष सिंह ने संदिग्ध रजिस्ट्रीयों के संबंध में एफआईआर कराने के दिये आदेश

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने पंजीयन विभाग के कलेक्टर कार्यालय स्थित रिकार्ड रूम में संदिग्ध रजिस्ट्रीयों के संबंध में एफआईआर कराने के आदेश दिये हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू ने बताया कि पंजीयन विभाग में आमजन के द्वारा करवाई गई रजिस्ट्रीयों को रिकार्ड में सुरक्षित रखा जाता है, जिसमें आमजन की पूरी जीवनभर की कमाई लगी होती है। पंजीयन विभाग के मोती तबेला कलेक्टर कार्यालय स्थित रिकार्ड रूम के संबंध में कलेक्टर श्री अशीष सिंह को विगत कई माहों से रिकार्ड के संबंध में गंभीर शिकायतें मिल रही थी। उक्त अभिलेखागार के संबंध में ना केवल कतिपय रजिस्ट्रीयों में हेर-फेर की शिकायतें लगातार मिल रही थी, बल्कि इस तरह की शिकायतें भी मिल रही थी कि, लेनदेन कर इस तरह की गंभीर अनियमितताएं की जा रही है। विगत दिनों इसी आरोप में रिकार्ड रूम में संलग्न श्री मर्दन रावत को निलंबित भी किया जा चुका है।

बार-बार गंभीर शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने विगत दिनों पंजीयन विभाग



के अधिकारियों की एक जाँच समिति गठित की गई थी, जॉच समिति ने प्राप्त शिकायतों एवं नकल के आवेदनों के आधार पर ऐसे लगभग 20 दस्तावेज संदिग्ध पाए हैं। उक्त दस्तावेजों में से कुछ दस्तावेजों के संबंध में पूर्व में भी एफआईआर की जा चुकी है तथा और अन्य दस्तावेज में भी गडबडी पाई गई। ऐसे दस्तावेज जिनमें की पूर्व से कोई एफआईआर पंजीबद्ध नहीं है, के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा थाना पंढरीनाथ इन्दौर में तीन दिवसों में एफआईआर कराने हेतु वरिष्ठ जिला पंजीयक, इन्दौर-1 के नियंत्रणाधीन स्थित जिला अभिलेखागार के वरिष्ठ उप पंजीयक श्री प्रदीप निगम को निर्देशित किया गया है। जाँच समिति की रिपोर्ट भी वरिष्ठ उप पंजीयक श्री प्रदीप निगम को कार्यवाही हेतु सौंप दी गई है। यह पहली बार होगा कि कलेक्टर के निर्देशानुसार एक साथ 20 दस्तावेजों के संबंध में एफआईआर कराई जाएगी। उम्मीद है कि कलेक्टर श्री सिंह के इस निर्णय से कई चौंकाने वाले परिणाम आएंगे।

## इंदौर में पुलिस वाले की जमकर पीटाई का वीडियो वायरल हुआ



सह सम्पादक

दीपक वाड़ेकर

इंदौर। खजराना में एसआई की जमकर पिटाई गुरुवार सुबह 6 बजे महिलाओं ने डंडों से पीटा। बिजली के पोल से बांधने और कपड़े फाड़ने की भी कोशिश।एसआई सुरेश बुनकर खेड़ी इलाके में एक महिला के घर में था। महिला का अपने पति से विवाद चल रहा है।

इस दौरान सुरेश उसके संपर्क में आया और पिछले दो माह से वह महिला के घर आना-जाना कर रहा था। महिला के परिजन और पड़ोसियों ने उसे



घर से पकड़ लिया।लोगों का आरोप है कि सुरेश नशे में गालियां दे रहा था। उसकी आपत्तिजनक हालत देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और पिटाई कर दी।पुलिस ने फोर्स बुलाकर एसआई सुरेश को भीड़ से निकाला गया। पुलिस ने इस मामले में पिटाई करने वाली कुछ महिलाओं को हिरासत में लिया।

## इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा हर कॉलोनी मोहल्ले में योग केंद्र बनाए जा रहे हैं तो वही समिति की जमीन मैं पार्किंग की जगह मांग रहे हैं इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 9 में क्षेत्री पार्षद राहुल जायसवाल द्वारा तीन मंजिला योग केंद्र जिम एवं लाइब्रेरी बनाई जा रही है तो वही प्रसिद्ध भजन गायक गन्नू महाराज द्वारा गार्डन की जमीन पर कुछ भाग निजी पार्किंग के लिए मांगा जा रहा है लेकिन नहीं देने पर मजदूर एवं ठेकेदारों से गन्नू महाराज ने की मारपीट ऐसे में ऐसा प्रतीक होता है कि आजकल भजन गायक को भी अपनी सु मधुर आवाज में बड़े-बड़े नेताओं को अपने वश में कर लेते हैं और उन पर उनकी आवाज का जादू चलता है जब कार्रवाई की बात आती है महाराज पर तो बड़े-बड़े नेताओं के फोन लगा चालू हो जाते हैं देखना यहां है कि क्या कन्नू महाराज इस जमीन पर अपना कब्जा जमा पाएंगे या फिर यहां पर योगशाला तैयार होगी जब इस मामले में क्षेत्रीय पार्षद राहुल जायसवाल से बात की गई तो जायसवाल ने कहा कि हमने महापौर जी के निर्देश अनुसार युवा केंद्र बनवाया है यहां के लोग मुक्त जमीन पर अपना कब्जा जमाना चाह रहे हैं योग केंद्र को लेकर गलत जानकारी देने पर क्षेत्रीय पार्षद पर फूटा लोगों का विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 वाड क्रमांक 9 मै कमला



नेहरू कॉलोनी में क्षेत्र पार्षद राहुल जायसवाल द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो योग केंद्र लाइब्रेरी जिम के लिए निर्माण चालू है प्रसिद्ध भजन गायक गन्नू महाराज पर भी आप प्रति आप लग रहे थे जिसको लेकर गन्नू महाराज ने मीडिया को दी जानकारी गन्नू महाराज का कहना है कि जिस जमीन पर यह योग केंद्र निर्माण किया जा रहा है वह कमला नेहरू समिति की जमीन है उसे पर बिना परमिशन के यह लोग निर्माण करवा रहे हैं जहाँ क्षेत्रीय रह वासियों ने भी एक मंजिला योग केंद्र का निर्माण करने की स्वीकृति दी थी बावजूद इसके जायसवाल द्वारा तीन मंजिला भवन तैयार किया जा रहा है वही गन्नू महाराज ने समिति का नक्शा भी दिखाया जिसमें यह क्लियर हो रहा है



कि या जमीन कोई सरकारी नहीं है यहां सिर्फ गार्डन की जगह थी यहां गार्डन और यहां पर गार्डन ही बना है पहले यहां महिला सिलाई केंद्र बना हुआ था के बाद यहां पर मंदिर की स्थापना की गई उसके बाद यहां ऐसा कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ था जिसको लेकर विवाद उत्पन्न हो और बात आ रही थी कि यहां मजदूरों के साथ मारपीट की गई है पर यह आप पूरा गलत है विवाद हुआ था लेकिन उसकी असली वजह यह थी कि यहां के ठेकेदार द्वारा कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक से बदतमीजी की थी इसको लेकर यहां के लोगों में गुस्सा फूटा और बातचीत तू तो मैं तक पहुंची थी अब देखना यहां है कि क्षेत्रीय पार्षद राहुल जायसवाल सच बोल रहे हैं या गन्नू महाराज और रहवासी सच बता रहे।

# इंदौर आबकारी विभाग नशा मुक्ति हेतु सशक्त की ओर पहल स्कूलों व दुकानों के माध्यम से जनजागरण

राजेश धाकड़

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग, इंदौर द्वारा जिले में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत प्रभावशाली जनजागरण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। 173 मदिरा दुकानों पर लगे नशामुक्ति पोस्टर जिले की सभी 173 कंपोजिट मदिरा दुकानों पर नशामुक्ति संबंधी पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से आमजन को नशे की लत से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक और मानसिक नुकसान तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।

विद्यालयों और महाविद्यालयों में



चलाए जा रहे जनजागरूकता सत्र विभाग के फील्ड स्टाफ द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को नशे की बुराइयों से अवगत कराया जा रहा है। उन्हें "ना कहना सीखें", स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जैसे प्रेरक संदेशों के साथ संवेदनशील वार्ताएं की जा रही हैं। अभियान के अंतर्गत विभिन्न वृत्त प्रभारियों द्वारा निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए: वृत्त मालवामिल (अ) प्रभारी उपनिरीक्षक महेश पटेल ने शासकीय



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयनगर में पूर्व पार्षद जितेन्द्र बुंदेला की उपस्थिति में कक्षा 9 से 12 के छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। वृत्त भोई मोहल्ला, मालवामिल (ब) और आंतरिक 01 के प्रभारियों मनमोहन शर्मा, सुनील मालवीय और आशीष जैन द्वारा ग्रीनलैंड विद्यालय विजयनगर व शासकीय विद्यालय दूधिया में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। वृत्त पलासिया, सांवेर, और आंतरिक की उपनिरीक्षकों प्रियंका चौरसिया, त्रिअम्बिका शर्मा और जया मुजाल्दे ने पांदा व लास सेजेस स्कूल राऊ में विद्यार्थियों से संवाद किया। महू अ, महू ब, बम्बई बाजार, बालदा कॉलोनी व देपालपुर वृत्तों की उपनिरीक्षकों कृतिका द्विवेदी, मीना माल, एच.एस. घुरैया, मीरा सिंह व मनीष राठौर ने महू, नंदानगर, मोती तबेला व कलारिया के शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### जागरूकता का प्रसार

यह अभियान युवाओं को जागरूक करने और नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रहा है। विद्यार्थियों में इसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इंदौर आबकारी विभाग द्वारा यह पहल न केवल प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय है, बल्कि समाज को नशे से मुक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास भी है।

---

# गवाही के लिए धमकाया, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

राजेश धाकड़

## थाना तुकोगंज में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज, हिंदूवादी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में की गई शिकायत

इंदौर। 12 जून 2025 को थाना कनाडिया में दर्ज एक संगीन मामले ने नया मोड़ ले लिया है। युसूफ खान निवासी खजराना के विरुद्ध एक हिंदू युवती ने आरोप लगाए थे कि वह मुकेश नाम बताकर लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा था। कनाडिया पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए युसूफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में आरोपी युसूफ जेल में है। लेकिन अब इस मामले में पीड़िता को डराने-धमकाने का गंभीर प्रकरण सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, दिनांक 21 जुलाई 2025 को दोपहर 12:32 बजे युसूफ का साथी रवि भाट पीड़िता के घर पहुंचा और उसे चाय पीने के बहाने बाहर बुलाकर हाईकोर्ट ले गया। वहां पहले से मौजूद मुबारक खान, शिवम वर्मा और शिवाय ने मिलकर पीड़िता को धमकी दी कि यदि वह युसूफ के पक्ष में गवाही नहीं देगी, तो उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर दिए जाएंगे।

पीड़िता के अनुसार, इन सभी ने उससे जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और कहा कि यदि उसने किसी को यह बात बताई तो उसे जान से मार देंगे। रवि भाट खुद को भाजपा नेता बताता है और शहर के कई बड़े भाजपा नेताओं के साथ अपने संबंधों की धमकी देकर पुलिस कार्रवाई से बचने का दावा करता है। पीड़िता ने यह भी बताया कि धमकी देने वाले अन्य लोग – शिवम वर्मा, शिवाय और मुबारक खान – इंदौर के कुख्यात बदमाश हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस पूरी घटना से भयभीत होकर पीड़िता दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली।

थाना तुकोगंज में इस मामले को लेकर



गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज करवाने के दौरान हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता, जिनमें मानसिंह राजावत, लकी बाहुबली, मेवाती, कुलदीप सिंह, ऐश्वर्या शर्मा आदि उपस्थित रहे और पीड़िता को न्याय दिलाने की माँग की। यह मामला न केवल एक गंभीर अपराध की ओर संकेत करता है, बल्कि यह भी उजागर करता है कि किस तरह दबंगई और राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# पुलिस थाना विजय नगर के प्रकण में फरार आरोपी रजत उर्फ वैभव सिंह बुंदेला की गिरफ्तारी हेतु की गई, 05 हजार रूपये के नगद ईनाम की उदघोषणा




रणजीत टाइम्स

इन्दौर- पुलिस थाना विजय नगर के प्रकरण में आरोपी रजत उर्फ वैभव सिंह बुंदेला, जो लंबे समय से फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशों के अनुक्रम में, पुलिस उपायुक्त, जोन-02 नगरीय इन्दौर द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये सूचना देने वाले एवं गिरफ्तार करवाने में सहयोग करने वाले के लिए 05 हजार रूपयें के नगद ईनाम की उद्घोषणा की गई है। पुलिस थाना विजय नगर इन्दौर के अपराध क्रमांकः अपराध क्रमांक 573/2025 धारा 115 (2), 119 (1), 296, 351 (3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत आरोपी रजत उर्फ वैभव पिता कल्याण सिंह बुंदेला उम्र 26 साल निवासी - 32 चित्रा नगर इन्दौर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतारसी व गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास किये गये है, किन्तु उक्त आरोपी की आज दिनांक तक पतारसी / गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है।अतः प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए, प्रभारी पुलिस उपायुक्त, जोन-02 नगरीय इन्दौर श्री हंसराज सिंह द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी रजत उर्फ वैभव पिता कल्याण सिंह बुंदेला की गिरफ्तारी हेतु 05 हजार रुपये के नगद ईनाम की उद्घोषणा की गई है। कोई भी व्यक्ति ऐसी सूचना देगा, जिससे उक्त आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके या गिरफ्तारी करेगा या करवाएगा, उसे इसके लिए 05 हजार रूपयें की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना देने वाला सूचनाकर्ता यदि चाहेगा तो उसका नाम गोपनीय रखा जायेगा। एक से अधिक सूचनाकर्ता अथवा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी होने पर, पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय, पुलिस उपायुक्त, जोन-02 नगरीय इन्दौर का मान्य होगा।

# चाकू से हमला कर, हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी, चंद घंटों में पुलिस थाना चंदन नगर की गिरफ्त में

### आरोपियों से घटना में प्रयुक्त खटकेदार चाकू भी किया जप्त




इंदौर- पुलिस थाना चंदन नगर पर, दिनांक 24/07/2025 को फरियादी रोहित सोलंकी पिता शेर सोलंकी निवासी 70 मारुति पैलेस इंदौर इंदौर ने रिपोर्ट की, कि दिनांक 23.07.2025 को रात्रि करीब 09:30 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गणेश बंजारा के साथ मारपीट की गई तथा चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गए है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना चंदन नगर पर अपराध धारा 109,115(2),3(5) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त जोन-04 डॉ. ऋषिकेश मीणा व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ज़ोन-04 श्री दीशेष अग्रवाल के दिशा निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा श्री शिवेन्दु जोशी द्वारा थाना प्रभारी चंदन नगर के नेतृत्व में 2 टीमें गठित की गई जिनके द्वारा 24 घंटे के भीतर ही अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनको हिरासत में ले लिया है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. अभिषेक धाकडा उर्फ दरबार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम भोनखेड़ी जिला हरदा वर्तमान पता अभिजीत नगर सिरपुर काकड़ इंदौर
2. एक नाबालिग जिसकी आयु 16 वर्ष है ।

घटना में प्रयुक्त खटकेदार चाकू जप्त किया गया मजरूह गणेश बंजारा पिता अभय सिंह बंजारा निवासी 297 मारुति पैलेस इंदौर की इलाज के दौरान एम वाय अस्पताल में मृत्यु हो गई जिस पर प्रकरण में धारा 103 बीएनएस ( धारा 302 आईपीसी ) की वृद्धि की गई । प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चन्दन नगर निरीक्षक इन्द्रमणि पटेल,उनि सौरभ कुशवाह, प्रआर बलराम, प्रआर स्वदीप सिंह, आर सुनील , आर विकाश , आर धीरज पांडे , आर प्रकाश रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# आबकारी विभाग इंदौर द्वारा नशा मुक्ति हेतु सशक्त पहल

**इंदौर**

**कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आबकारी विभाग इंदौर द्वारा जिले में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत प्रभावशाली जनजागरण गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।**




### इस अभियान के अंतर्गत

जिले की सभी 173 कंपोजिट मदिरा दुकानों पर नशामुक्ति संबंधी पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।

साथ ही, विभाग के फील्ड स्टाफ द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया, उन्हें वैकल्पिक स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई और "ना कहना सीखें" जैसे प्रेरक संदेश साझा किए गए। इसके अंतर्गत आबकारी के विभिन्न वृत्त प्रभारियों द्वारा निम्नानुसार गतिविधियां संचालित की गई

1. वृत्त मालवामिल अ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय विजयनगर में पूर्व पार्षद जितेन्द्र बुंदेला की उपस्थित में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई .
2. वृत्त भोई मोहल्ला प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मनमोहन शर्मा , वृत मालवामिल ब प्रभारी उपनिरीक्षकसुनील मालवीय और वृत आंतरिक 01 प्रभारी उपनिरीक्षक आशीष जैन द्वारा ग्रीनलैंड उच्चतर माध्यमिक विधालय विजयनगर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दूधिया में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई .
3. वृत्त पलासिया वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक प्रियंका चौरसिया , वृत सांवेर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक त्रिअम्बिका शर्मा और वृत आंतरिक 02 प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जया मुजाल्दे द्वारा शासकीय माध्यमिक विधालय पांदा और लास सेजेस उच्चतर माध्यमिक स्कूल राऊ में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई .
4. वृत्त महू अ और महू ब वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती कृतिका द्विवेदी और मीना माल द्वारा शासकीय हाइस्कूल महू और केबीईपी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू ,वृत बम्बई बाजार प्रभारी उपनिरीक्षक एच एस घुरैया द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदानगर और सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू, वृत बालदा कॉलोनी प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मीरा सिंह द्वारा मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोती तबेला इंदौर, वृत देपालपुर प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष राठौर द्वारा नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलारिया में पहुंचकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचने के बारे में जानकारी दी गयी। यह अभियान समाज में नशे के विरुद्ध एक जनचेतना का निर्माण कर रहा है और विशेषकर युवाओं को नशामुक्ति की दिशा में सकारात्मक रूप से प्रेरित कर रहा है।

# डिजिटल अरेस्ट करने वालों पर ''सर्जिकल स्ट्राइक''... 105 भारतीयों सहित 3,075 गिरफ्तार

जजों-अधिकारियों से लेकर आमजनों को डिजिटल अरेस्ट कर लाखों-करोड़ों ठगने वालों पर कम्बोड़िया में एक बड़ी ''सर्जिकल स्ट्राइक'' हुई है... भारत सरकार के गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और 14सी की अपील पर कंबोडिया सरकार ने 3,075 लोगों को गिरफ्तार किया है... इन डिजिटल अरेस्ट करने वालों में 105 भारतीय भी शामिल हैं... खबर है कि गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को गुप्त सूचना मिली थी, जिस आधार पर कंबोडिया सरकार ने यह बड़ा एक्शन लिया... यह कार्रवाई कंबोडिया के लगभग 138 अलग-अलग स्थानों पर की गई है, जिनमें 606 महिलाएं



भी शामिल होना बताई गईं... इनमें भारतीयों के अलावा 1,028 चीनी, 693 वियतनामी, 366 इंडोनेशियाई, 101 बांग्लादेशी, 82 थाई, 57 कोरियाई, 81 पाकिस्तानी और 13 नेपाली के साथ 4 मलेशियाई नागरिक भी शामिल हैं... ये लोग भारतीय पुलिस की फर्जी वर्दी, ड्रग प्रोसेसिंग मशीनें आदि का इस्तेमाल कर लगभग रोजाना ही बड़ी संख्या में लोगों को डिजिटल अरेस्ट करते थे... इनके पास से बड़ी संख्या में कम्प्यूटर-लैपटॉप के साथ मोबाइल फोन, ड्रग्स, हथियार, गोलियां सहित अन्य सामग्री भी बरामद हुईं... इधर, भारत सरकार ने 105 भारतीयों को वापस बुलाने की कोशिश भी शुरू कर दी है और जल्द ही ये भारत लाए जाएंगे... साथ ही सरकार ने आम नागरिकों से भी साइबर ठगी-डिजिटल अरेस्ट जैसे रैकेट से बचने की सलाह दी..!

# बारिश के दौरान जो कार्य तेज गति से किए जा सकते हैं उन्हें पूरा करें

**रणजीत टाइम्स**

**उज्जैन ।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को मेडिसिटी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया और चरक भवन तथा माधव नगर अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया । कलेक्टर ने सर्वप्रथम मेडिसिटी पहुंचकर वहां मेडिकल कॉलेज और मेडिकल हॉस्पीटल में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि मेडिकल कॉलेज की रिटेनिंग वाल का निर्माण हो चुका है तथा बेसमेंट का कार्य प्रगतिरत है और मेडिकल हॉस्पिटल की रिटेनिंग वाल का कार्य प्रगतिरत है ।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माणकर्ता एजेंसी बीडीसी को मेडिसिटी का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक और आगामी 31 दिसंबर 2027 के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि मेडिसिटी के मेडिकल कॉलेज ब्लाक का ग्राउंड लेवल का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है । कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि बारिश के दौरान जो कार्य तेज गती से किए जा सकते है उन्हें पूर्ण करें ।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने चरक भवन का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दवाई वितरण केंद्र ,पंजीयन केंद्र, शिशु वार्ड ,ईसीजी ,ओपीडी, आकस्मिक चिकित्सा वार्ड , नेत्र परिक्षण वार्ड ,दंत चिकित्सा वार्ड, फिजियों थेरिपी वार्ड , सामान्य वार्ड और कंट्रोल सेंटर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । कलेक्टर श्री सिंह ने मरीजों के परिजनों से चर्चा की और उन्हें पंजीयन तथा निःशुल्क दवाई उपलब्धता में किसी भी तरह की कोई समस्या तो नहीं है इसकी जानकारी प्राप्त की । कंट्रोल सेंटर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सेंटर से हॉस्पिटल में चल रही गतिविधियों की सतत निगरानी की जाए । सेंटर में सुरक्षा कर्मी हमेशा मौजूद रहें । बताया गया कि निगरानी के लिए पूरे अस्पताल में 48 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जो सदैव कार्यरत रहते हैं । कलेक्टर श्री सिंह ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि जितने भी संस्थागत प्रसव हो रहे हैं उन सभी प्रकरणों में जन्म प्रमाण पत्र जच्चा – बच्चा के अस्पताल से डिस्चार्ज से पहले अनिवार्यतः बनाकर दिए जाएं । अगर पंजीयन केंद्र में कोई काउंटर खाली है तो वहां भी पर्चे बनाए जाएं ताकि मरीजों के परिजनों को किसी भी तरह की असुविधा न हो ।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए और रखरखाव संबंधी कार्य भी समय पर संचालित किए जाएं । नेत्र परीक्षण वार्ड निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने डॉक्टर से वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली । नेत्र परीक्षण वार्ड के प्रभारी को निर्देश दिए कि वार्ड में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे ।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ओपीडी की ड्युटी डाक्टर्स और पेरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ड्युटी चार्ट प्रत्येक दिवस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को जानकारी मलिती रहे । शिशु वार्ड के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने वहां शिशुओं को दिए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी परिजनों से प्राप्त की । उन्होंने बच्चों के परिजनों से पूछा की उन्हें समय पर भोजन मिल रहा है अथवा नहीं । कलेक्टर ने वार्ड की बेडिंग नियमति रुप से बदली जाने और उसकी प्रत्येक दिवस के अनुसार कलर कोडींग करें । कलेक्टर श्री सिंह ने स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी प्रतिदिन ऑनलाईन उपस्थिती अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं । सारी सुविधाओं को एकीकृत किया जाए । रखरखाव से संबंधित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किया जाए । कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात माधवनगर अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सकों और स्टाफ की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि वहां प्रत्येक मरीज को प्रतिदिन 03 लीटर बॉटल पेक्ड आर.ओ का पेय जल निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है । कलेक्टर श्री सिंह ने माधवनगर अस्पताल के निर्माणाधीन 100 बेड के नए भवन की प्रगति का अवलोकन किया और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होनें यहां ओपीडी काउन्टर्स बढाए जाने के निर्देश दिए तथा अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया । कलेक्टर श्री सिंह ने माधवनगर अस्पताल परिसर में 'एक पेड़ माँ के



नाम अभियान' के अंतर्गत पौधारोपण भी किया । इस दौरान सिविल सर्जन डॉ संगीता पलसानीया , सहायक अस्पताल प्रबंधक श्रीमती वर्षा चौहान, आरएमओ डॉ चन्मिय चिन्चोलीकर एवं अन्य अधिकारीगण और मेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

---

# एसआई राठौड़ ने बच्चो को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**रणजीत टाइम्स**





पिपलौदा। एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर सब इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह राठौड़ द्वारा नशे की लत और उसके दुष्परिणामों के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी साथ ही सभी को भविष्य में नशा नही करने की शपथ दिलाई गई। संस्था परिवार की ओर से प्राचार्य रामलाल मईडा , गणेश मालवीय, विनीता खड़िया, सोहन सिंह मईडा,सुनील खेर, सुधीर शर्मा, मंगलेश देराश्री,आलम सिंह बिलवाल, मानसिंह मईडा, महावीर जैन ,योगेश झाला, सुरेश डिंडोर,पुष्पेंद्र सिंह ,विजय परिहार,सोनाली भाटी,आरक्षक प्रेम कुमार, प्रधान आरक्षक अनिल डोडियार, प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, नगर सुरक्षा समिति सदस्य चिराग जैन आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

# अवैध गांजे की तस्करी करते 01 आरोपी को किया गिरफ्तार

# कब्जे से कुल 01 किलो 880 ग्राम गाँजा किया जप्त

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर चौकी हेलापडावा पर अवैध मादक पदार्थ गांजे का परिवहन एवं तस्करी करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण बुधवार को चौकी हेलापडावा पर मुखबीर से सुचना प्राप्त हुई कि, धूपा फाटे के पास बस के आने का इन्तजार कर रहा है जिसके पास एक सफ़ेद रंग की बोरी है जिसमे गांजा भरा हो सकता है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक गेहलोद सेमलिया एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश गहलोत के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर तत्काल पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर रवाना किया गया । पुलिस कार्यवाही पुलिस टीम के द्वारा धूपा फाटे के पास मुखबिर के बताये हुलिए के व्यक्ति की तलाश की गयी जिसमे एक व्यक्ति सफ़ेद




रंग की बोरी लिए खड़ा दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कालु निवासी सरपंच फाल्या पलोना चैनपुर का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा कालु के पास मिली बोरी को चेक करने पर उसमे पुलिस टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसे रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया । पुलिस टीम ने मौके पर आरोपी कालु पिता सोमारिया अलावे उम्र 32 वर्ष निवासी सरपंच फाल्या पलोना चैनपुर के कब्जे से कुल 01 किलो 880 ग्राम गांजा कीमत लगभग 18,800/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध चौकी हेलापडावा थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 261/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

पुलिस टीम उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक गेहलोद सेमलिया एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रमेश गहलोत के नेतृत्व में सउनि चन्द्रकांत महाजन, आरक्षक राहुल, आर धर्मेन्द्र, आरक्षक शशांक, आरक्षक राहुल कटोरिया, सैनिक वेरसिंह का विशेष योगदान रहा ।

# पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में मध्यप्रदेश 2047 रोजगार आधारित शिक्षा कार्यशाला का हुआ प्रसारण

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, खरगोन में मध्यप्रदेश @2047 विज़न के अंतर्गत आयोजित रोजगार आधारित शिक्षा कार्यशाला का सीधा प्रसारण किया गया।

यह कार्यशाला राजधानी भोपाल से प्रसारित की गई, जहाँ मध्यप्रदेश शासन द्वारा उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने हेतु राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान, समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ, पीजी कॉलेज तथा विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस वर्चुअल कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदरसिंह परमार सहित उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शैक्षणिक विशेषज्ञों ने रोजगार आधारित शिक्षा प्रणाली, बहुविशयक पाठ्यक्रम, स्किल डिवेलपमेंट और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संयुक्त प्रसारण प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, खरगोन और विधि महाविद्यालय द्वारा किया गया, जिससे छात्रों को प्रदेश स्तरीय नीति और रोजगार पर केंद्रित शिक्षा मॉडल को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

# दशामाता की स्थापना के साथ दस दिवसीय उत्सव प्रारंभ





**रणजीत टाइम्स**

खेतिया। सावन अमावस्या तिथि को प्रतिवर्ष क्षेत्र में दस दिवसीय दशामाता स्थापना उत्सव मनाया जाता है। माता की प्रतिमा स्थापित कर घर परिवार तथा संपूर्ण क्षेत्र में खुशाली की कामना की जाती है। इस वर्ष भी शहर में 80 से अधिक स्थानों पर दशा माता की स्थापना की गई। आज सुबह से ही शहर के बस स्टेशन के समीप गायत्री मंदिर से नगर के विभिन्न हिस्सों में पूर्ण सम्मान के साथ ढ़ोल धमाको के साथ जुलूस निकालते हुए मां की अगवानी की गई तथा पूर्ण विधि विधान से दशा माता को दस दिनों के लिए स्थापित किया गया। जहां पर प्रतिदिन सुबह शाम आरती तथा भजन गीत संगीत का आयोजन किया जाएगा। महिलाएं दस दिनों तक उपवास रख दशा माता की पूजा अर्चना कर घर परिवार तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुख शांति खुशाली तथा सभी आरोग्य रहे सभी की दशा सुधारने की कामना की जाएगी।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में दशामाता का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। जब मनुष्य की दशा ठीक होती है तब उसके सभी कार्य अनुकूल होते हैं किंतु जब दशा प्रतिकूल होती है तब अत्यंत परेशानी होती है। इसी दशा को दशा भगवती या दशा माता कहा जाता है। अपने परिवार की दशा उत्तम रखने के निमित्त हिंदू धर्म में दशा माता की पूजा तथा व्रत करने का विधान है।

दस दिन बाद माता की पूजा आरती के बाद मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। घर घर दशामाता की स्थापना के साथ वातावरण धर्ममय हो गया,27 जुलाई को खानदेश की कुलदेवी कानबाई माता का उत्सव भी होने जा रहा है,शहर में धार्मिक आयोजनों को लेकर तैयारियां जोरों से है,वही प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं हेतु आवश्यक व्यवस्थाओ को अंतिम रूप दिया जा रहा।

# नागपंचमी पर तीन दिवसीय महोत्सव

**रणजीत टाइम्स**



रतलाम। श्रावण मास मे नाग पंचमी पर्व पर दिनांक 27,28, 29 जुलाई को शिव शक्ति वासुकी धाम, स्नेह नगर 80 फिट रोड पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 27 जुलाई रविवार को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा का आयोजन संस्कार ऋषि दिनेश जी व्यास घटवास के मुख्य सानिध्य मे होगी उसी दिन रात्रि मे 7.30 बजे से रात्रि कीर्तन आयोजित किया गया है। दिनांक 28 जुलाई सोमवार को प्रात् 8 बजे सहस्त्र धारा अभिषेक ओर रात्रि मे 8 बजे सुंदरकांड का आयोजन किया गया है साथ हि दिनांक 29 जुलाई मंगलवार को नाग पंचमी के दिन बॉम्बी पूजन प्रातः 8 बजे, यज्ञ प्रातः 11 बजे से पूर्णाहुति दोपहर 4 बजे से ओर महाआरती व भंडारा 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीमती चेतना पाटीदार, आदित्य डागा, हेमंत मुणत, भगवती शंकर रावल,प्रदीप रस्से,अलोक सिंह पवार,सत्यनारायण राठौड़, मांगीलाल पांडे,हेमंत बैरागी, रजत सिंह पवार,करण पाटीदार, ने सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की है की उक्त कार्यक्रम मे सम्मलित होकर बाबा की पूजन का लाभ लेवें।

# "नशे को कहें ना हस्ताक्षर अभियान" के अंतर्गत थाना खाराकुआं पुलिस द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**रणजीत टाइम्स**





उज्जैन। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में दिनांक 15 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना खाराकुआं, जिला उज्जैन द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2025 को नगर के छत्री चौक क्षेत्र में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक उज्जैन के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग कोतवाली राहुल देशमुख (आईपीएस) द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना खाराकुआं पुलिस स्टाफ, नगर रक्षा समिति के सदस्यगण, तथा स्थानीय आमजन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत "नशे को कहें ना – हस्ताक्षर अभियान" चलाया गया, जिसके अंतर्गत एक बड़ी होर्डिंग लगाकर उस पर नागरिकों द्वारा अपने हस्ताक्षर किए गए और नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी नागरिकों ने इस मुहिम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे के खिलाफ दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान आमजन को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई एवं युवाओं को नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज – तीनों के लिए विनाश का कारण बनता है तथा इससे बचना और बचाना ही समाजहित में है।

# प्राचीन शिव मंदिर मठ से झनेश्वर महादेव मंदिर तक निकली विशाल कावड़ यात्रा मातृशक्ति खूब झूमि भजनों पर



रणजीत टाइम्स

मक्सी/मां बिजासन सामाजिक सेवा समिति मक्सी एवं हनुमान भक्त मंडल के द्वारा नगर में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भजन कीर्तन करते हुए चली यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई प्राचीन झनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समापन हुआ जहां पर बाबा झनेश्वर महादेव बाबा का जलाभिषेक किया गया एवं समिति की ओर से विशाल भंडारा हरियाली अमावस्या पर झरनेश्वर महादेव हनुमानगढ़ी प्रांगण में रखा गया जहां पर मौजूद धर्मआलू जनों द्वारा भंडारे का लाभ लिया वही नवनियुक्त हिंदू उत्सव समिति का अध्यक्ष भाई राघवेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में सिरोलिया जोड़ पर हिंदू उत्सव समिति के द्वारा सभी कावड़ यात्रियों का भगवा दुपट्टा उड़ाकर स्वागत सत्कार किया गया एवं कावड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति के लोग मौजूद थे आपको बता दें कि मां बिजासन समिति द्वारा विशाल कावड़ यात्रा प्राचीन शिव मंदिर मठ से निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई झरनीश्वर महादेव मंदिर पहुंची थी यात्रा का हजारों जगहों पर पुष्प वर्ष कर स्वागत सत्कार किया गया था।

## सामाजिक सुरक्षा में ऊर्जा क्षेत्र की बड़ी पहल

# एमपी ट्रांसको ने 3724 आउटसोर्स कर्मियों के लिए बनवाए ईएसआईसी कार्ड

रणजीत टाइम्स

जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने ऊर्जा क्षेत्र में सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अब तक 3724 आउटसोर्स कर्मियों के ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) कार्ड बनवाए हैं। इस अभियान का लक्ष्य सभी आउटसोर्स कर्मियों का शत-प्रतिशत ईएसआईसी कार्ड बनवाना है।

ट्रांसमिशन लाइन के रखरखाव, एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सब-स्टेशनों पर कार्यरत कर्मियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और वाहन चालकों सहित सभी आउटसोर्स कर्मियों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना से जोड़ने के लिए एमपी ट्रांसको द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से कर्मियों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य बीमा, चिकित्सा सुविधा, नगद लाभ, आश्रित लाभ एवं पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है।




पांच हजार से ज्यादा बनाए गए हैं आयुष्मान कार्ड मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी में जोखिमपूर्ण कार्य करने वाले इन कर्मियों के लिए पूर्व में आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड भी बनवाए जा चुके हैं। साथ ही एमपी ट्रांसको ने अपने बाह्य सेवा प्रदाताओं के साथ किए गए अनुबंधों में इस प्रकार की सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया है। समय समय पर आयोजित किए जाते हैं जागरूकता शिविर उल्लेखनीय है कि ट्रांसमिशन कंपनी समय-समय पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों के सहयोग से सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करती है, ताकि आउटसोर्स कर्मियों को ईएसआईसी योजना के विभिन्न लाभों की जानकारी दी जा सके। इस पहल से न केवल कर्मियों को, बल्कि उनके परिवारों को भी सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच प्राप्त होगा।

# स्कूल में छात्राओं को पुस्तक को का किया वितरण

रणजीत टाइम्स



मक्सी/छात्र छात्राएं पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करेगी तो निश्चित ही सफलता मिलेगी - श्री राकेश जी चौधरी समाजसेवी एवं उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी झोंकर मे शासकीय उमावि झोंकर में आयोजित निःशुल्क कॉपी वितरण समारोह में श्री राकेश जी चौधरी द्वारा प्राचार्य डॉ सुरेश पाठक के सौजन्य से प्राप्त कॉपियों का वितरण किया। समारोह में समस्त शिक्षक बृंद सहित छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### एसआई राठौड़ ने बच्चो को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**पिपलौदा**। एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर सब इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह राठौड़ द्वारा नशे की लत और उसके दुष्परिणामों के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी साथ ही सभी को भविष्य में नशा नही करने की शपथ दिलाई गई। संस्था परिवार की ओर से प्राचार्य रामलाल मईडा , गणेश मालवीय, विनीता खड़िया, सोहन सिंह मईडा,सुनील खेर, सुधीर शर्मा, मंगलेश देराश्री,आलम सिंह बिलवाल, मानसिंह मईडा, महावीर जैन ,योगेश झाला, सुरेश डिंडोर,पुष्पेंद्र सिंह ,विजय परिहार,सोनाली भाटी,आरक्षक प्रेम कुमार, प्रधान आरक्षक अनिल डोडियार, प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, नगर सुरक्षा समिति सदस्य चिराग जैन आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 07 माह से फरार चल रहे आर्म्स एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

## मौके पर 01 आरोपी साहिल उर्फ बच्चा को पुलिस ने किया था गिरफ्तार, कब्जे से किये थे 02 नग देशी पिस्टल व 03 नग देशी कट्टे जप्त

रणजीत टाइम्स




खरगोन 1 पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा जिला खरगोन में लंबित पंजीबद्ध प्रकरणों मे फरार चल रहे आरोपियों की तलाश पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी क्रम मे थाना कोतवाली खरगोन के द्वारा 07 माह से फरार चल रहे आर्म्स एक्ट के के आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। 06 जनवरी 025 को थाना कोतवाली खरगोन पर पुलिस टीम ने अवैध फायर आर्म्स की तस्करी की सुचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी साहिल उर्फ बच्चा निवासी पाला मण्डी तलाब चौक खरगोन को 02 नग देशी पिस्टल व 03 नग देशी कट्टे कुल कीमती लगभग 95,000/- के साथ गिरफ्तार किया था जिसे ट्रेचिंग ग्राउंड पर रोबीन सिकलीगर निवासी ग्राम सिगनुर थाना गोगावा छोड़ कर गया। पुलिस टीम के द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली खरगोन पर अपराध क्रमांक 12/2025 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। उक्त प्रकरण में फरार आरोपी रोबीन सिकलीगर शातिर प्रवत्ति के होकर अपने रहने के ठिकाने बार बार बदल रहे थे । फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी हेतु पुलिस टीम के द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे थे जिनकी गिरफ़्तारी हेतु मुखबिरों को भी सक्रिय कर फरार आरोपी की जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया था ।

परिणामस्वरूप पुलिस टीम के द्वारा 24 मई 025 को प्रकरण में फरार आरोपी रोबीन सिकलीगर पिता जगदिश सिकलीगर (चावला) जाति उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिगनुर थाना गोगावा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध फायर आर्म्स बनाने की सामग्री व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल को जप्त किया गया था पुलिस टीम उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन निरीक्षक बनवारीलाल मण्डलोई, उपनिरी. राजेन्द्र सिरसाठ, उपनिरी.दिवानसिह नरगाँवे, सउनि. सुरेश चौहान, प्रआर श्याम पंवार, संतोष शुक्ला, आर. राजेश पटेल, मोहन वास्केल का विशेष योगदान रहा।

# सेगांव विकासखण्ड में महिला स्व-सहायता समूहों के व्यवसायों का जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

### आस्था प्रशिक्षण केंद्र में महिला उद्यमिता और रोजगार प्रशिक्षण पर हुई चर्चा

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह ने सेगांव विकासखण्ड में शुभ लाभ समूह की प्रियंका गुप्ता दीदी की दाल व्यवसाय दुकान का निरीक्षण किया एव आय व्यय की जानकारी ली। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि मैं स्वयं आस्था महिला आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रबंधक का कार्य करती हूं। बाजारों में भी दाल की दुकान लगाते है एवं मेरे पति कम्प्यूटर का कार्य करते है। जिससे मेरी मासिक शुद्ध आय 10 से 15 हजार रुपये एवं वार्षिक आय 01 लाख से 01 लाख पचास हजार तक हो जाती है। इसके पश्चात जिला पंचायत सीईओ श्री सिंह ने मंजूला राजेश के यहां किराना, कटलरी दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान मंजू दीदी द्वारा किराना, कटलरी, अंडा एवं खेती की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया इससे मुझे शुद्ध मासिक आय 12 से 15 हजार रुपये व वार्षिक आय 01 लाख से सवा लाख रुपये हो जाती है। इस दौरान सीईओ श्री सिंह द्वारा आस्था सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सेगांव में संचालित कस्टम ज्वेलरी 14 दिवसीय चल रहे प्रशिक्षण की जानकारियां ली। उन्होंने प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षणर्थियों से रोजगार के बारे में चर्चा की। इसके साथ सीईओ श्री सिंह ने सीटीसी केंद्र का निरीक्षण कर साफ सफ़ाई और अच्छा खाना बनाने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत सीईओ रीना अन्सारी, जिला प्रबंधक शुष्म वित, श्री किरन कठाने, ब्लॉक प्रबंधक सन्तोष यादव, सहायक प्रबंधक अनन्दराम पाटीदार, कल्पना सेंगर, निरु नरगावे, अंतिम मंडलोई, दिलीप सोलंकी, ज्योति मुकाती उपस्थित रहे।

### हरियाली अमावस्या पर किया पौधारोपण

## परिजनों की स्मृति, बच्चों के जन्मदिन पर या अन्य अवसर पर रोपित करेंगे पौधे

**रणजीत टाइम्स**




खरगोन । म.प्र जन अभियान परिषद खरगोन द्वारा 24 जुलाई 2025 से एक सप्ताह तक नवांकुर सखी अभियान चलाया जा रहा है। नवांकुर का मुल उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण से जोड़ना। जिले के 45 सेक्टर में प्रत्येक सेक्टर में 100-100 महिलाओं का ऑनलाइन पंजीयन किया गया है। हर सेक्टर में 01 कार्यक्रम का आयोजन कर प्रत्येक नवांकुर सखी महिलाओं को 11-11 बीज रोपित थैलियों का वितरण किया जाएगा। जिले में कुल 50 हजार रोपित थैलियॉ महिलाओं को दी जाएगी। जिन्हें एक वर्ष तक देखभाल कर पौधा बनने पर परिजनों की स्मृति में बच्चों के जन्मदिन पर या अन्य अवसर पर रोपित किया जाकेगा। इसी तारतम्य में परिषद द्वारा दिनांक 24 जुलाई को जिले के ग्राम बरूड़, डालका, दशनावल, पिपलझोपा, झिरन्या, गोगावा, कसरावद एवं बड़वाह में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम की महिलाओं के साथ शासकीय स्कूल के प्राचार्य, शिक्षणगण एवं ग्राम समिति के अध्यक्ष, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विजय शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ नवांकुर एवं सीएमसीएलडीपी के मेंटर व छात्र-छात्राऐं ने पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर इस नये उत्तम नवाचार की सराहना की एवं पर्यावरण का महत्त बताते हुए इसके संरक्षण का दायित्व सभी का है। सभी ग्रामीण एवं उपस्थित जन समूह को पौधारोपण करने का आव्हान किया गया। साथ ही गोगावा ब्लाक में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

### छात्रावासों का किया दो दिनों तक सघन निरीक्षण

## 08 अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस और एक को निलंबित करने की अनुशंसा

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित समस्त छात्रावासों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए संभागीय अधिकारियों को आदेशित किया गया है। निरीक्षण के लिए संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री डीएस रणदा के साथ श्री इकबाल आदिल सहायक आयुक्त और सुश्री निर्मला कुशवाह के संयुक्त दल द्वारा खरगोन शहर स्थित जनजाति कार्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के 24 छात्रावासों का 23 व 24 जुलाई को दो दिनों तक सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री रणदा ने छात्रावासों में भोजन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ-सफाई, बिस्तर आदि के साथ ही भवन की स्थिति, बिजली तार आदि का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं से अलग से चर्चा कर भोजन की गुणवत्ता व अन्य समस्याओं के बारे में जाना।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त (विकास) श्री रणदा ने छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे, दरवाजे, चौकीदार सुरक्षा के बारे में सूक्ष्मता से जांच की। जहां भी कमी पाई गई उसे तत्काल सुधारने करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्र-छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। श्री रणदा द्वारा दो दिनों तक जिले में स्थित छात्रावासों के किये गए निरीक्षण में कमी पाये जाने पर 08 छात्रावास अधीक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने, एक अधीक्षक को हटाने तथा एक अधीक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की। छात्रावासों के निरीक्षण दल में श्रीमती निर्मला कुशवाहा एवं श्री अश्विन गुप्ता भी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब मक्सी का हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण अभियान: बच्चों के साथ लगाया प्रकृति का उपहार

**रणजीत टाइम्स**



मक्सी । संस्था लायंस क्लब मक्सी ने अपने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, आज नगर के प्रतिष्ठित स्कूलों में छायादार फलदार वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अध्यापकों , बच्चों और लायंस क्लब संस्था के सदस्यों ने हर्ष उत्साह ऊर्जा एवं उमंग से साथ मिलकर जामुन, आम,नीम,पीपल और कई अन्य तरह के छायादार,वृक्ष प्रांगण में लगाए। इस अवसर पर लायंस क्लब मक्सी के अध्यक्ष मयंक काबरा, श्रीधर महेश्वरी, शीला पटेल, राघवेंद्र सिंह सेंगर, लायन रामप्रसाद पाटीदार, दुर्गा पाटीदार, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे। लायंस क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर 108 तुलसा के पौधे बच्चों को वितरित किए

# शुद्धि के बिना सिद्धि संभव नहीं है



शुद्धि के बिना सिद्धि संभव नहीं है। और, शुद्धि पाने का सहजतम मार्ग है सहज योग। सहज योग के अनुसार श्री गणेश का स्थान हमारे मूलाधार चक्र पर है। श्री गणेश सदैव बाल रुप में हैं और अबोधिता के गुण को मानव मात्र में स्थापित करते हैं। श्री गणेश के आशीर्वाद के बगैर हमारे अंदर शुद्धता व अबोधिता नहीं आ सकती क्योंकि जब यह गुण हमारे अंदर स्थापित होता है तभी सेक्रम बोन में तीन कुंडल में सुप्तावस्था में विराजमान कुंडलिनी मां जागृत होती है और उधर्वगति की ओर चलायमान होती है और मनुष्य के अंदर अबोधिता, पवित्रता और बुद्धिमता के गुण स्थापित होते हैं। हमारे दैनिक जीवन में पवित्रता का विशेष महत्व है। साधना की पहली सीढ़ी ही पवित्रता है। जीवन में जितनी पवित्रता होती है, जीवन का उत्कर्ष भी उतना ही होता है। शुद्धि से तात्पर्य मात्र शरीर का नहीं है, बल्कि मन, प्राण और भाव-विचार के साथ-साथ हमारा अंतःकरण भी निर्मल होना चाहिए। शुद्धता के गुण आते ही व्यक्ति धीरे-धीरे अज्ञान व अंधकार के आवरण को पार कर प्रकाशित स्थिति प्राप्त करता है। इस शुद्धि के फलस्वरूप मन की शांति, चित्त की स्थिरता और प्राण की एकाग्रता व हृदय की तन्मयता का प्रादुर्भाव स्वभावतः होने लगता है। आनंद का अवरोहण भी तभी संभव होता है। शुद्धि से आत्मा विभिन्न वासनाओं और आकर्षणों से मुक्त होती है। और...सिद्धि प्राप्ति से पहले की प्रारंभिक अवस्था शुद्धि ही है।

शुद्ध भावों वाला व्यक्ति ही परमात्मा को भी प्रिय होता है। उसके पूजन-अर्चन व प्रार्थना में शुचिता यानी पवित्रता का विशेष महत्व है। आचार-विचार के साथ-साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों जैसे व्यापार में पैसे के लेन-देन और नौकरी आदि में ईमानदारी व कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान बने रहना भी पवित्रता की ही श्रेणी में आते हैं। व्यक्ति चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो, वह वहां रहते हुए ही पवित्रता का ध्यान रखने योग्य बन जाता है। पवित्रता को नित्य-प्रतिदिन की दिनचर्या में रखकर हम अपना बैद्धिक स्तर तो उत्तम बना ही सकते हैं, साथ ही, स्वयं सुखी रहते हुए अन्य लोगों को भी इस राह पर अग्रसर कर सकते हैं। पवित्रता जीवन का मूल आधार है। आज समाज में जो नैतिक पतन हो रहा है उसका एक खास कारण शुचिता की ओर ध्यान नहीं दिया जाना है। व्यक्ति जैसे ही पवित्रता की तरफ एक कदम बढ़ाता है, उसकी सोच में निखार आता है, उसकी भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्ति के प्रति श्रद्धा व आस्था का भाव रखने लगते हैं। जो भी महापुरुष या ऋषि-मुनि इस देश में हुए हैं, उन्होंने साधना के संदर्भ में पवित्रता को विशेष महत्व दिया है। वे ही हमारे प्राचीन व आधुनिक भारत के प्रेरणास्त्रोत बने। सच तो यह है कि पवित्रता का ध्यान रखे बगैर मानव जीवन का कल्याण संभव ही नहीं है। श्री गणेश का पूजन मात्र एक कर्मकांड बनकर ना रह जाये इसीलिए सहज योग ध्यान पद्धति से जुड़कर उत्थान मार्ग पाने का प्रयास होना चाहिए। तो चलिए सहज योग से जुड़ते है। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# ऋषभ पंत का टूटा पैर

## 42 दिन के लिए हो सकते हैं बाहर, ईशान किशन लेंगे जगह!



टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन उनको चोट लग गई. जिसकी वजह से वो टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है. जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को उनकी जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स